सहकारिता क्षेत्र में बिजली करघा उद्योग को सहायता

2451. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों द्वारा सहकारिता क्षेत्र में संचालित बिजली-करघा उद्योग के संरक्षण हेतु पर्याप्त आर्थिक सहायता देना जारी रखा जाएगा ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : "राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक" तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक विभिन्न सहकारी संस्थाओं/व्यवसायिक बैंकों/राज्य वित्त निगमों की मार्फत सहकारी विद्युत करघों को अवधिक ऋण और कार्यशील पूंजी दोनों ही उपलब्ध करने के लिए पुनर्वित्त प्रदान करते हैं।

हथकरघा बुनकरों को राहत

2452. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सूत के बढ़ते हुए मूल्यों को देखते हुए सरकार बुनकरों को राहत प्रदान करने का विचार रखती है ;

(ख) क्या सरकार "यार्न प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड" के लिए योगदान करने का विचार रखती है ; और

(ग) क्या सरकार राज्यों में पोलिएस्टर प्रोसेसिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है ताकि हथकरघा बुनकरों द्वारा बनाये गए वस्त्रों को राज्यों में ही संसाधित किया जा सके ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) हथकरघा बुनकरों को सहायता देने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार ने यार्न की कीमतों में हाल में हुई वृद्धि को रोकने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं :—

(1) स्टेपल काटन का निर्यात स्थगित कर दिया गया है ;

(2) 60 काउन्टो तक के हैंक यार्न का निर्यात स्थगित कर दिया है ;

(3) अग्रिम लाइसेंस के आधार पर सूती यार्न/सूती फैब्रिक्स तथा मेड-अप्स के निर्यात के बदले रूई के आयात की अनुमति दी गई है ; तथा

(4) हथकरघा क्षेत्र को सप्लाई के लिए हैंक यार्न के उत्पादन के लिए शुल्क मुक्त रूई की एक लाख गांठ के आयात की अनुमति दी गई है।

(ख) केन्द्र सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) केन्द्र सरकार हथकरघा क्षेत्र में करघापूर्व तथा करघा पश्चात प्रोसेसिंग की प्रक्रिया संबंधी सुविधाएं बढ़ाने के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रही है। योजना के अन्तर्गत अन्य बातों के साथ-साथ हथकरघा पोलिएस्टर कपड़े की प्रोसेसिंग के लिए सुविधाओं हेतु राज्य सरकारों को सहायता प्रदान की गई है।

मध्य प्रदेश में सहकारी कताई मिलें

2453. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सातवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि के दौरान मध्य प्रदेश में सहकारी कताई मिलों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) तथा (ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि के दौरान